568


# बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)

IS/ISO 9001:2015; IS/ISO 14001:2015; IS/ISO 37001:2016 प्रमाणित कंपनी

तृतीय तल, कृषि भवन, मीठापुर, पटना – 800001 (बिहार)

दूरभाष: 0612-2547066, वेबसाइट% brbn.bihar.gov.in / ई–मेल: brbn.bih.mail@gmail.com

CIN : U01111BR1977SGC 001294


**बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड में सुरक्षा एजेंसी के चयन के लिए E-Proc-2 के माध्यम से आमंत्रित खुली निविदा सं०–ADMIN-01/2026-27 के आलोक में निर्धारित समय–सीमा के अंतर्गत प्राप्त तकनीकी मूल्यांकन में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले निविदाताओं द्वारा प्राप्त दर समान रहने के कारण इसमें लॉटरी सिस्टम से L1 का चयन दिनांक 14.07.2026 के पूर्वाह्न 11:30 बजे ऑफलाईन द्वारा करने से संबंधित आहूत क्रय समिति की बैठक की कार्यवाहीः–**

---

**उपस्थितिः**– संचिका में संधारित।

बिहार राज्य बीज निगम लि0 में सुरक्षा एजेंसी के चयन के लिए E-Proc-2 के माध्यम आमंत्रित खुली निविदा सं0 ADMIN-01/2025-26 के आलोक में निर्धारित समय–सीमा अन्तर्गत तकनीकी निविदा की गई थी, जिसमें कुल 14 (चौदह) निविदादाताओं द्वारा निविदा समर्पित किया था।

उक्त के आलोक में क्रय समिति द्वारा जाँचोपरांत सर्वसम्मति से 7 (सात) प्रतिष्ठानों को तकनीकी निविदा में सफल घोषित किया गया। तत्पश्चात् सात सफल निविदादाताओं का वित्तीय निविदा खोला गया, जिसमें एक से अधिक निविदादाता द्वारा न्यूनतम दर प्राप्त हुआ है, जो श्रम विभाग, बिहार सरकार द्वारा दिनांक 01.04.2026 को न्यूनतम मजदूरी दर के समान देय है।

निविदा शर्त्त के **कंडिका 9.3** के अनुसार अगर एक से अधिक L-1 बीड प्राप्त होते हैं तो तकनीकी मूल्यांकन के मापदण्डों में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले निविदादाता का चयन होगा। यदि तकनीकी मूल्यांकन में भी अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले निविदादाताओं की संख्या एक से अधिक है, तो उन निविदादाताओं के बीच लॉटरी कर L-1 का चयन किया जायेगा।

उक्त के आलोक में क्रय समिति द्वारा वित्तीय मूल्यांकन किया गया, जिसमें पाया गया कि तीन निविदादाता यथा:– **M/s Intelligence Security of India, M/s Commando Industrial Security force & M/s JMD Services Pvt. Ltd. का L-1 दर है** तथा इन्हें तकनीकी मूल्यांकन में सर्वाधिक 100–100 अंक प्राप्त हुए है। इस प्रकार निविदा शर्त्त की **कंडिका 9.3** के अनुसार क्रय समिति के सदस्यों द्वारा उपरोक्त सफल निविदादातों के बीच दिनांक 14.07.2026 के पूर्वाह्न 11:30 बजे लॉटरी किया गया, जिसमें **M/s Commando Industrial Security force** को **L-1** घोषित किया गया।

तदुपरान्त समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि पुनः लॉटरी कर शेष दो निविदादाताओं की प्रतीक्षा सूची तैयार कर लिया जाय। निकट भविष्य में अन्यथा की स्थिति में सेवा ली जा सकती है।

इस प्रकार पुनः लॉटरी किया गया, जिसमें **M/s Intelligence Security of India -** प्रथम प्रतीक्षा सूची तथा **M/s JMD Services Pvt. Ltd.-** द्वितीय प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।

**अनुशंसा:–**

1. **M/s Commando Industrial Security force** को निगम के सुरक्षा एजेन्सी के रूप में चयनित किया गया।

567



2. यदि किसी कारणवश M/s Commando Industrial Security force सेवा देने में असमर्थ होते हैं, तो प्रतीक्षा सूची में अंकित सुरक्षा एजेंसी का चयन किया जायेगा, जो निम्न प्रकार हैः–

   (i) M/s Intelligence Security of India – प्रतीक्षा सुची–1
   (ii) M/s JMD Services Pvt. Ltd. – प्रतीक्षा सुची–2

यह प्रतीक्षा सूची 01 (एक) वर्ष तक वैध रहेगी।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

14/7/26
(उमेश चौधरी)
वरीय लेखापदाधिकारी

14.7.2026
(रणजीत कुमार)
वित्त प्रमुख

14/07/26
(राजेश अग्रवाल)
कम्पनी सचिव

14/07/2026
(डॉ0 राजेश शर्मा)
बीज उत्पादन प्रमुख

14/7/26
(रवीन्द्र कुमार वर्मा)
अभिसंस्करण प्रमुख

14/07/26
(ललन कुमार चौधरी)
बीज विपणन प्रमुख

14/7/26
(अनुज कुमार)
निदेशक प्रशासन–सह–
विशेष कार्य पदाधिकारी

**(मुकेश कुमार लाल)**
प्रबंध निदेशक
बिहार राज्य बीज निगम लि0